# 27 मार्च 1947 को आमका में  हमला  एवम रक्तपात

## प्रस्तावना

आमका के जमींदारों और रियाया  (किसानों) के बीच संबंध 1946 की शुरुआत से ही अत्यधिक तनावपूर्ण थे। उत्तर प्रदेश काश्तकारी अधिनियम (1939 के अधिनियम XVII) की धारा 59 के तहत रियाया  द्वारा कई मुकदमे दायर किए गए थे ताकि उन्हें किरायदार घोषित किया जा सके। ग्राम आमका के प्लॉट नंबर 227 व 228 भूखंड जमींदार श्री चवल सिंह के है.  जमींदारों का कहना था कि रियाया का भूमि पर कोई अधिकार नहीं था और उन्होंने उक्त भूमि पर कभी खेती नहीं की थी। जमीन उनकी खुदकश्त थी और उन्होंने ही उस पर खड़ी फसलें उगाई थीं।

रियाया ने राजस्व अदालतों में जमींदारों के खिलाफ लगभग 30 मुकदमे दायर किए थे। ये मामले विभिन्न अदालतों में सुनवाई के विभिन्न चरणों में लंबित थे।

रियाया ने महात्मा गांधी सहित उस समय के विभिन्न राजनीतिक नेताओं को उनके खिलाफ जमींदारों द्वारा किए गए अत्याचारों को उजागर करने के लिए ज्ञापन भी प्रस्तुत किए थे।

27 मार्च 1947 की सुबह दोनों पक्षों के गुस्से की पराकाष्ठा  जब हुई तब 8 जमींदारों और रियाया का समर्थन करने वाले 30 से 40 लोगों के बीच लड़ाई में 8 लोग मारे गए और 11 घायल हो गए।

## स्पष्टीकरण

इस लेख में दिया गया विवरण  शब्दशः अनुवाद नहीं हैं। पाठ संपादित किया गया है और दोहराए जाने वाले वाक्यों को हटा दिया गया है। इस लेख में यथासंभव अधिक से अधिक जानकारी और तथ्यों को शामिल करने का प्रयास किया गया है।

अनुरोध है कि 27 मार्च 1947 की सुबह आमका में हुए रक्तपात और उसके बाद के आपराधिक मामलों के मुक़दमे के बारे में परिवार के किसी सदस्य या किसी अन्य व्यक्ति  पास किसी भी प्रकार की  जानकारी है, तो कृपया इसे  वेबसाइट के एडमिनिस्ट्रेटर से साझा करें ।

## लड़ाई के दौरान की घटनाएँ

न्यायालय की कार्यवाही में पूरी घटना को कानूनी मामलों की द्रष्टि से बहुत अच्छी तरह से उल्लेखित  किया गया है, जिसे सेशंस (सत्र ) न्यायालय, बुलंदशहर द्वारा निपटाया गया था। सेशंस  न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के एक-एक गवाह का परीक्षण करने के बाद सभी प्रासंगिक तथ्यों पर विचार करने और लड़ाई के समय मौजूद परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सभी 12 आरोपियों को बरी कर दिया. सत्र न्यायालय के फैसले के खिलाफ इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अपील दायर की गई थी। हाईकोर्ट ने भी सत्र न्यायालय के फैसले को बरकरार रखा। इस लेख में वर्णित मामले की पूरी कहानी सत्र न्यायालय और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निष्कर्षों और निर्णयों पर आधारित है।

# <u>बुलंदशहर के सत्र न्यायधीश की अदालत में ।</u>
# <u>सत्र न्यायाधीश श्री श्याम बिहारी लाल।</u>
# <u>क्रिमिनल केस नंबर 46 OF1947</u>

श्री श्याम बिहारी लाल, सत्र न्यायाधीश, आपराधिक सत्र विचारण न्यायालय संख्या 46, 1947 के अनुसार मामले में निम्नलिखित आरोपी थे:-

1. श्री इंद्रजीत सिंह, ठाकुर, पुत्र श्री नारायण सिंह, आमका आयु 47 वर्ष।

2. श्री इंद्रपाल सिंह, ठाकुर, पुत्रआमका के श्री प्रहलाद सिंह उम्र 20 वर्ष।

3. श्री रघुबीर सिंह, ठाकुर पुत्र आमका के श्री रिसाल सिंह उम्र 70- वर्ष।

4. श्री उदय प्रताप सिंह, ठाकुर पुत्र आमका के श्री राज सिंह आयु 35 वर्ष

5. श्री देवेंद्र सिंह, ठाकुर पुत्र आमका के श्री रघुबीर सिंह आयु 36 वर्ष

6. श्री राजेन्द्र सिंह, ठाकुर, पुत्र श्री रघुबीर सिंह आमका आयु 31 वर्ष

7. श्री अमर सिंह, ठाकुर, पुत्र आमका के श्री नरपत सिंह उम्र 38 वर्ष

8. आमका के सूबेदार बानी सिंह, ठाकुर, पुत्र श्री चंद्रभान सिंह उम्र 57 वर्ष।

9. श्री जीवन सिंह, गुर्जर पुत्र श्री अलबल सिंह, बड़पुरा उम्र 56 वर्ष

10. श्री आप सिंह, गुर्जर पुत्र श्री जीवन बधपुरा आयु 18 वर्ष

11. श्री भिखारी, चमार, पुत्र श्री लाल सिंह आमका आयु 18 वर्ष।

12. आमका के श्री भोंटा, ठाकुर पुत्र  श्री राम सिंह आयु 65 वर्ष

**अपराध 27.3.1947 को किया गया।**

बुलंदशहर के प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट श्री आर पी  सिंह ने 11  नवंबर 1947 को अभियुक्तों पर मुकदमा चलाने की अनुमति दी .

**सरकार के लिए**: कुंवर प्रसाद, लोक अभियोजक (पब्लिक प्रासीक्यूटर) और श्री गुरबचन सिंह वकील किये गए।

**कैदियों के लिए**: श्री ए. हून, बार-एट-लॉ और श्री उदयबीर सिंह नंबर 1,2, 4, 9 और 12 के लिए।

7, 8 के लिए श्री बसंत लाल, और श्री द्वारका प्रसाद और श्री बेनी सिंह 3, 5 और 6 के लिए पेश हुए।

कैदियों ने दोषी  होने इंकार किया। उन्होंने मुकदमा चलाने के लिए कहा।

**रियाया  के अनुसार:**

1. बड़पुरा गांव के रहने वाले बूटी और बीरबल के कब्जे में प्लॉट संख्या 227, 228- थे और उन्होंने इन भूखंडों पर खेती भी की थी। ये दोनों व्यक्ति लड़ाई में मारे गए।

2. चूँकि जमींदारों ने फसल को नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया था, अत: 17 मार्च 1947 को राजस्व न्यायालय में इसे सुपुरदारों की अभिरक्षा में रखने तथा इसका बाजार मूल्य निर्धारित करने के लिए एक अर्जी दाखिल की गई।

3. उन सभी व्यक्तियों ने, जो अपने को काश्तकार कहते थे, जमींदारों के विरुद्ध लगभग 30 की संख्या में घोषणात्मक मुकदमा दायर किए।

4. 17 मार्च 1947 को राजस्व न्यायालय में कमीशन जारी कर रबी की फसल कुर्क करने के लिए आवेदन दिया गया था। दुर्भाग्य से, उस आवेदन पर कोई आदेश पारित नहीं किया गया था।

5. 27 मार्च 1947 की सुबह लगभग 8 या 8.30 बजे, काश्तकारों को पता चला कि 26 मार्च 1947 को बूटी और बीरबल के खेतों में खड़ी फसल का एक हिस्सा कट गया था और शेष फसल काटा को जा रहा था। अगले दिन यानी 27 मार्च को जमींदारों  को फसल काटने से रोकने के लिए बूटी, बीरबल, मुख्तार, दलीप , रामदयाल गडरिया और हरसुख खेत में गए। जब हरसुख और अन्य लोग बूटी और बीरबल के खेतों में पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि सुनहरी गूजर , श्यामा तेली और जीवन सरसों काट रहे थे, जो बूटी और बीरबल ने खेतों में उगाया  था। उन्होंने सर्वश्री बनी  सिंह, अमर सिंह, इंद्रजीत सिंह, रघुबीर सिंह, देवेंद्र सिंह, उदय प्रताप सिंह, इंद्रपाल सिंह, राजेंद्र सिंह, बिरजवीर सिंह, नरेंद्र सिंह, आप्ताप सिंह उर्फ वाप्सी को भी वहां खड़े देखा।

6. सूबेदार बनी सिंह के पास पिस्तौल थी और श्री अमर सिंह, श्री  उदय प्रताप सिंह, श्री देवेंद्र सिंह और श्री बृजवीर सिंह बंदूकों से लैस थे। श्री इंद्रजीत सिंह, श्री रघुबीर सिंह और जीवन सिंह भाले से लैस थे जबकि अन्य व्यक्ति लाठियों से लैस थे। इन लोगों के अतरिक्त  अन्य व्यक्ति भी थे जिनकी संख्या  30 से 35 थी।

7. बूटी और बीरबल ने फसल काटने वाले जमींदारों से कहा कि आपके और हमारे बीच मुकदमा चल रहा है और हमने एक कमीशन जारी करने के लिए प्रार्थना की है। अगर कोर्ट आपको फसल देता है तो आप फसल काट सकते हैं। तब सूबेदार बनी  सिंह, श्री रघुबीर सिंह और श्री अमर सिंह ने कहा कि उन्हें आयोग की कोई परवाह नहीं है और वे आयोग के प्रश्न को यहां और अभी  सुलझा लेंगे। बूटी और बीरबल ने उत्तर दिया कि चूंकि जमींदारों ने फसल काट दी थी, वे इसे उठा लेंगे क्योंकि फसल पर उनका कब्जा है। फिर बूटी और बीरबल फसल लेने के लिए  जैसे ही झुके, आरोपितों और उनके साथियों ने अचानक ही बूटी, बीरबल और अन्य किराएदारों पर पिस्तौल, बंदूक, भाले और लाठियों से हमला कर दिया। किरायेदार पक्ष के आठ लोग मारे गए और ग्यारह घायल हो गए।

8. मारे गए आठ लोगों के नाम मुख्तार, बूटी, बीरबल, दलीप, राम दयाल, ज़हरीन, परशादी और बदले हैं. घायलों में हरसुख, छिद्दा पुत्र सम्मन, छिद्दा पुत्र नरोत्तम, जगराम, इतवारी, ग्यासा, होरम, नाथू, भोदानदी , श्रीमती लाडो और चेतू शामिल हैं।

9. छज्जन, चौकीदार ने लगभग 10.00 बजे दादरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। छज्जन से शिकायत मिलने पर थाना प्रभारी श्री मोहम्मद सैयद, द्वितीय अधिकारी महिपाल सिंह व अंचल निरीक्षक के साथ लगभग 11.00 बजे मौके पर पहुंचे. एसओ ने जांच रिपोर्ट तैयार कर शवों को मोर्चरी भिजवाया। उन्होंने सभी घायलों को भी देखा। आठ घायलों के बयान दर्ज किए और उन्हें सिकंदराबाद अस्पताल भेज दिया। उन्होंने मौके पर प्लॉट संख्या 227 और 228 पर तीन लाठियां पड़ी मिलीं। बंदूक के आठ कारतूस के खोके , दो जिंदा कारतूस और रिवाल्वर के चार खाली कारतूस के मामले भी बरामद हुए हैं.

10. एसओ ने आरोपी श्री रघुबीर सिंह, श्री इंद्रजीत सिंह श्री देवेंद्र सिंह और श्री उदय प्रताप सिंह को उसी दिन गिरफ्तार कर लिया। श्री राजेन्द्र सिंह ने 29 मार्च को स्वयं थाने में उपस्थित होकर बन्दुक जमा की।

11. अस्पताल में हरसुख, ग्यासी व छिद्दा पुत्र सम्मन की हालत गंभीर हो गई। श्री सैयद खुर्शीद हुसैन, तहसीलदार ने उनके मृत्युपूर्व बयान दर्ज किए। श्री खुर्शीद हुसैन से अदालती गवाह के रूप में भी पूछताछ की गयी।

12. श्री मो. सईद ने जांच पूरी करने के बाद सभी बारह आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की.

सभी आरोपियों ने अपने को दोषी नहीं माना। उन्होंने मुकदमा चलाने को कहा। आरोपियों का कहना इस प्रकार था:-

उन्होंने (आरोपी) दावा किया कि घटना से कुछ महीनों पहले, कुछ लोग गाँव में आते थे और रियाया को बताते थे कि जमींदारी समाप्त होने जा रही है और जो व्यक्ति अपना नाम भूमि अभिलेखों में दर्ज करवाएगा, वह उसका मालिक बन जाएगा। अक्टूबर की शुरुआत में बाबू राम कानूनगो रिश्वत मांग रहा था और आरोपियों ने उसके खिलाफ शिकायत की। रियाया के साथ मिलीभगत से, बाबूराम ने खरीफ 1354 के लिए खसरा कॉलम में 31 अक्टूबर 1946 को इस आशय की एक प्रविष्टि की कि कुछ भूखंड रियाया के कब्जे में थे। वास्तव में वह भूखंड अभियुक्तों के थे, उनके कब्जे में है और उनके पास है। इस मिलीभगत प्रविष्टि के आधार पर, रियाया, जिनकी संख्या लगभग 30 थी, ने जमींदारों के खिलाफ घोषणात्मक मुकदमे (डेक्लेरट्री सूट) दायर किए, लेकिन ऐसे सभी वादों को खारिज कर दिया गया।

27 मार्च 1947 की सुबह लगभग 7.30 बजे श्री इंद्रजीत सिंह अपने खेतों पर थे, जो विवादित भूखंड संख्या 227 और 228 के पूर्व में है। उस दिन श्री इंद्रजीत ने देखा कि रियाया के लोग वहां खड़े हैं और सरसों काट रहे हैं। वह उनकी ओर गए । श्री इंद्रपाल अपने ही खेत से प्लाट संख्या 227 और 228 में उनके पीछे-पीछे गए। श्री इंद्रजीत सिंह ने उनसे पूछा कि वह इसके मालिक की फसल क्यों काट रहे हैं। बीरबल ने उसे गाली दी और कहा कि वह उन खेतों की फसल काटेगा और जनता जमीन की मालिक बन गई है। उन्होंने यह भी कहा कि वे (रियाया) उन ठाकुरों और जमींदारों को नष्ट कर देंगे।

श्री इंद्रजीत सिंह ने बीरबल को गाली न देने के लिए कहा। बीरबल रुका नहीं वह श्री इंद्रजीत सिंह की ओर बढ़ा और उन्हें और श्री इंद्रपाल सिंह को लाठियों से पीटना शुरू कर दिया। आत्मरक्षा में श्री इंद्रजीत और श्री इंद्रपाल सिंह ने भी लाठियों का प्रयोग किया। इसी बीच श्री उदय प्रताप सिंह वहां पहुंच गए। यह देखकर कि श्री इंद्रजीत सिंह और श्री इंद्रपाल सिंह को पीटा जा रहा था, उन्होंने वहां से एक लाठी उठाई और उसका इस्तेमाल किया। लकिन उनकी लाठी हाथ से गिर पड़ी और वह भाग कर गांव आबादी की ओर गए । यह शोर सुनकर श्री रघुबीर सिंह, श्री देवेंद्र सिंह, श्री राजेंद्र सिंह, श्री बनी सिंह और श्री अमर सिंह एक के बाद एक वहां पहुंचे। जब वे श्री इंद्रपाल सिंह और श्री इंद्रजीत सिंह के पास पहुंचे, तो उन्होंने ऊंचे स्वर में पूछा कि वह उन्हें क्यों पीट रहे है और सरसों क्यों काट रहा है। उन्हें देखते ही बूटी, बीरबल और अन्य सभी रियाया के व्यक्ति, लगभग 35 से 40 की संख्या में बनी सिंह और अन्य की ओर बढ़े। बाद में फिर भी उन्हें जमींदरो ने चले जाने के लिए कहा। जब रियाया पार्टी ने उन पर दारांतियों और लाठियों से हमला किया, तब श्री बनी सिंह और श्री अमर सिंह ने अपनी रियाया को डराने के लिए हवा में गोलियां चलाईं लेकिन वे हमला करते रहे। हरसुख ने श्री अमर सिंह पर लाठी से वार किया और उनकी बंदूक छीन ली। तब श्री रघुबीर सिंह ने हरसुख पर गोली चलाई। इसके बाद श्री अमर सिंह ने हरसुख से अपनी बंदूक बरामद की। रियाया पार्टी तब भी आरोपितों पर लाठी-डंडियों से हमला करती रही। मजबूर होने पर, श्री बनी सिंह, श्री अमर सिंह और श्री रघुबीर सिंह ने आत्मरक्षा में अपनी बंदूकों से गोली चलायी रियाया तब तक हमला करती रही जब तक वे नीचे गिर नहीं गए। किसी भी आरोपी के पास भाले नहीं थे।

अभियोजन पक्ष (प्रॉसिक्यूशन) के अनुसार, ये भूखंड लंबे समय से बीरबल और बूटी के कब्जे में थे और भूखंडों पर खड़ी सरसों की फसल उनके स्वामित्व में थी और उनकी थी। आरोपियों के मुताबिक, ये खेत बीरबल और बूटी या किसी अन्य किरायेदार या रियाया के कब्जे में कभी नहीं थे। ये खेत श्री चवल सिंह के खुदकाश्त में काफी समय से थे और श्री चवल सिंह ने ही फसल उठाई थी, जो घटना के समय इन भूखंडों में खड़ी थी। आरोपियों ने आरोप लगाया कि यह बीरबल और बूटी की पार्टी थी जो सरसों की फसल काट रही थी। उन्होंने पार्टी को रुकने के लिए कहा लेकिन उस पार्टी ने उन पर हमला किया और इसलिए, उन्होंने आत्मरक्षा में आग्नेयास्त्रों (फायर आर्म्स) का इस्तेमाल किया। वहीं अभियोजन पक्ष का आरोप है कि आरोपी जीवन सिंह, सुनहरी और श्यामा तेली सरसों की फसल काट रहे थे. फसल उन्हीं की होने के कारण उन्होंने आरोपितों से फसल न काटने को कहा। आरोपियों ने उनकी एक नहीं सुनी। तब बूटी और बीरबल ने कहा कि अगर जमींदारों ने फसल काट ली है, तो वे इसे उठा लेंगे । जैसे ही बूटी और बीरबल सरसों की फसल लेने के लिए आगे बढ़े, आरोपियों ने उन पर बंदूकों, पिस्तौल, भाले और लाठियों से हमला कर दिया।

माननीय न्यायाधीश ने कहा कि यह पता लगाना आवश्यक था कि क्या अभियुक्तों के कब्जे में प्लॉट संख्या 227 और 228 है और उन्होंने सरसों की फसल उगाई थी या बूटी और बीरबल कब्जे में थे और सरसों की फसल उन्होंने उगाई थी। इस गाँव में लगभग 30 व्यक्ति थे, जिनमें अभियोजन पक्ष के अधिकांश गवाह भी शामिल थे, जिन्होंने विभिन्न भूखंडों पर अपना किरायेदारों के रूप में दावा किया था। दूसरी ओर, अभियुक्तों का कहना है कि उनमें से कोई भी किरायेदार नहीं था और सभी भूखंड जमींदारों के खुदकश्त थे और उनके कब्जे में हैं। अभियोजन पक्ष के उन गवाहों ने जिन्होंने गांव में किसी भी भूखंड के

किरायेदार होने का दावा किया था, स्वीकार किया कि उनके पास उनके भूखंडों के संबंध में कोई पट्टा या विवाद लंबित नहीं है। हरसुख का कहना है कि जब वह छोटा था तो उसके घर में आग लग गई और सारे कागज जल गए और इसलिए उसके पास दिखाने के लिए कोई लेखन नहीं है कि वह भूखंड का किरायेदार है। उसे नहीं पता कि कौन से कागज जले। उसे यह भी नहीं पता कि किसी अन्य किराएदार का घर जला था या नहीं।

अभियोजन पक्ष के किसी भी गवाह के पास किराए के भुगतान की कोई रसीद नहीं है। उन्होंने बताया कि बटाई पर उन्होंने जमीन ली थी और रसीद मांगी लेकिन रसीद नहीं दी गयी। रसीद नहीं देने की कोई शिकायत भी उन्होंने नहीं की। अभियोजन पक्ष के कुछ गवाहों का कहना है कि वे ज़मींदारों को नहर का बकाया भुगतान करते थे, लेकिन रसीद नहीं होती थी। श्री चवल सिंह कहते हैं कि उन्होंने पिछले वर्षों में 227 और 228 भूखंडों पर तंबाकू बोया और उत्पाद शुल्क का भुगतान किया। अभियोजन पक्ष के गवाहों को यह पता ही नहीं था कि इन भूखंडों में कभी तंबाकू बोया गया था। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि 1 अक्टूबर 1946 से पहले उनका नाम किसी भी राजस्व पत्र में दर्ज नहीं किया गया था । यह दिखाने के लिए कि वे किसी भूखंड के किरायेदार थे या कोई भूखंड उनके कब्जे में था। अब सवाल यह है कि बीरबल और बूटी के नाम 31 अक्टूबर, 1946 को कुछ भूखंडों पर कैसे दर्ज किए गए।

30 अक्टूबर 1946 को अभियोजन पक्ष के अधिकांश गवाहों ने बुलंदशहर के कलेक्टर को एक शिकायत भेजी। इस शिकायत की प्रतियां महामहिम वायसराय, माननीय पं. जवाहर लाल नेहरू, माननीय पं. गोविंद बल्लभ पंत, पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर एवं तहसीलदार, सिकंदराबाद, जिला बुलंदशहर को दी गयी। इस शिकायत में उन्होंने कहा कि वे गांव आमका में लंबे समय से जमीन पर खेती कर रहे हैं । हालांकि नए नियमों के मुताबिक जमींदारों ने उन्हें खेती के लिए जमीन देने से मना कर दिया है। इससे पता चलता है कि 30 अक्टूबर 1946 को इन भूखंडों पर उनका कब्जा नहीं था। फिर वे आगे कहते हैं कि उन्होंने गाँव के पटवारी से पूछताछ की, जिन्होंने उन्हें बताया कि उनके भूखंड या खेत उनके पूर्वजों को दिए गए थे, न कि उन्हें। इससे पता चलता है कि अभियोजन पक्ष के गवाहों को कोई व्यक्तिगत जानकारी नहीं थी कि भूखंड उनके पूर्वजों के किरायेदारी के भूखंड थे।

उक्त शिकायत में वे आगे कहते हैं कि जमींदारों ने जबरन पूरी फसल काट ली थी और उन्हें और उनके परिवारों को पीटा था और उन्हें कुल रु. 6000/- का नुकसान पहुंचाया था. इस संबंध में कोई रिपोर्ट नहीं दी गई और श्री चवल सिंह सहित किसी भी जमींदार के खिलाफ कोई कानूनी कार्यवाही नहीं की गई। अंत में, वे कहते हैं कि मामलों को हल करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाये और शिकायतकर्ताओं को खेती के लिए भूमि की अनुमति दी जाये । इससे पता चलता है कि शिकायतकर्ताओं के पास इन भूखंडों पर कोई कब्जा नहीं है।

इस शिकायत में आगे कहा गया है कि जमींदारों ने शिकायतकर्ता को धमकाया और बंदूकें लेकर बाहर आ गए और कहा कि अगर वे उच्च अधिकारियों के पास गए तो उन्हें गोली मार दी जाएगी। लेकिन कोर्ट के सामने हरसुख ने माना कि 27 मार्च 1947 से पहले काश्तकारों और जमींदारों के बीच कभी किसी जमीन को लेकर कोई झगड़ा नहीं था। छिद्दा पुत्र सम्मन ने भी स्वीकार किया कि उसने इस आवेदन पर अपने

अंगूठे का निशान लगाया था। वह नहीं जानता कि इसे किसने लिखा है और उसने बूटी और बीरबल के कहने पर अपना थम्ब इम्प्रेशन लगाया। जगराम ने यह भी स्वीकार किया कि उन्होंने नरोत्तम के कहने पर अपना थम्ब इम्प्रेशन लगाया। वह इसकी विषय सामग्री नहीं जानता। इसी तरह, मंगल, राजपाल, खिमा ने स्वीकार किया कि उन्होंने किसी के कहने पर आवेदन पर अपना थम्ब इम्प्रेशन लगाया है और वे इसकी विषय सामग्री नहीं जानते हैं।

माननीय न्यायाधीश ने कहा कि उन्हें यह कहने में कोई झिझक नहीं है कि जमींदारों के खिलाफ की गई शिकायत सही नहीं थी। गवाह कक्ष में आने वाले अधिकांश लोगों ने अंगूठा अंकित किया लकिन शिकायतकर्ता को इसकी सामग्री नहीं पता है। यह शिकायत स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि 30 अक्टूबर 1946 को, बूटी और बीरबल प्लॉट संख्या 227 और 228 के कब्जे में नहीं थे।

31 अक्टूबर 1946 को एक अजीब बात हुई। खसरा के टिप्पणी कॉलम में प्लाट नं. 227 और 228 के अतिरिक्त 20 से अधिक खेतों के लिए मारे गए लोगों और वर्तमान घटना में घायल हुए लोगों सहित विभिन्न रियायाओं के नाम उनके कब्जे में होने के रूप में दर्ज किए गए थे।

यह बदलाव इस तरह से लाया गया। 1 अक्टूबर 1946 को सूबेदार बनी सिंह, श्री रघुबीर सिंह और श्री चवल सिंह ने तत्कालीन पर्यवेक्षक कानूनगो बाबू राम शर्मा के खिलाफ शिकायत करते हुए कलेक्टर को एक आवेदन दिया कि रामानंद पटवारी और बाबू राम कानूनगो गांव आमका गए। बाबू राम ने लगभग 23 रियाया लोगों के बयान दर्ज किए कि वे कुछ भूखंडों के किरायेदार थे। इन बयानों के आधार पर बिना किसी और से पूछताछ किये पटवारी को खसरा में प्रविष्टियां करने का आदेश दिया और पटवारी ने ऐसा किया।

रामानन्द पटवारी ने बताया कि प्लाट संख्या 227 एवं 228 श्री चवल सिंह के हैं तथा वह ही इसके अनन्य स्वामी हैं। भूखंड श्री चवल सिंह के खुदकाश्त थे; यह 31 अक्टूबर 1946 को उन्होंने कुछ व्यक्तियों के नाम किरायेदारों के रूप में दर्ज किए। उन्होंने स्वीकार किया कि 1353 फ़ज़री में, वह भूखंड जमींदारों के कब्जे में थे और वह उनके खुदकाश्त में थे, न कि इन व्यक्तियों का। उन्होंने आगे कहा कि उन्होंने 1353 फ़ज़री के लिए जमाबंदी का सत्यापन किया था और यह पुष्टि की थी कि भूखंड जमींदारों के कब्जे में थे और उनके नाम पर नहर की पर्ची जारी की गई थी।

रामानंद ने कहा कि उन्होंने कानूनगो के कहने पर रियाया के कब्जे के बारे में प्रविष्टियां कीं, न कि पड़ताल (सत्यापन) के बाद, उन्होंने कहा कि कानूनगो ने 23 किरायेदारों को छोड़कर किसी अन्य व्यक्ति के बयान दर्ज नहीं किए। उसने किसी जमींदार से भी पूछताछ नहीं की और न ही उनमें से किसी का बयान दर्ज किया।

वह बाबू राम शर्मा कानूनगो थे जिन्होंने 31 अक्टूबर 1946 को विवादित प्रविष्टियां करने का आदेश दिया था। उनका कहना है कि उन्हें तत्कालीन अधीक्षक कानूनगो से इस आशय का निर्देश मिला था कि यदि कोई व्यक्ति लिखित में इस आशय का बयान देता है कि वह था एक निश्चित भूखंड का किरायेदार है, तो खसरा के टिप्पणी कॉलम में उसके कब्जे के बारे में एक प्रविष्टि कर दी जाये । अधीक्षक का कोई आदेश

न्यायाधीश के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया। बाबू राम ने यह भी स्वीकार किया कि उन्होंने 30 अक्टूबर 1946 को रामानंद पटवारी को आमका  का प्रभार लेने का आदेश दिया था और यह की उन्होंने 23 व्यक्तियों के बयान तहसील को नहीं भेजे थे। बाबू राम ने स्वीकार किया कि 31 अक्टूबर 1946 से पहले, बीरबल और बूटी सहित 30 राजस्व मामलों के वादी में से किसी का कब्जा उस तारीख से पहले किसी भी कागज में दर्ज नहीं किया गया है। बाबू राम ने खरीफ 1354 फ़ज़री  में  प्लॉट संख्या 227 और 228 के बारे में और अन्य सभी भूखंडों के बारे में,  टिप्पणी कॉलम में कब्जे की प्रविष्टि काली स्याही से की। काली स्याही से पता चलता है कि यह प्रविष्टि पिछले वर्षों से जारी थी जो एक तथ्य नहीं है। प्रविष्टियां लाल स्याही से की जानी चाहिए थीं क्योंकि वे नई थीं। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि इस मामले में जमींदारों ने उनके खिलाफ शिकायत की  और 15 जनवरी 1947 को उनका तबादला कर दिया गया। 23 काश्तकारों के बयान लेने के अलावा, उन्होंने और पूछताछ नहीं की और 31 अक्टूबर 1946 से पहले, उन्हें कुछ भी पता नहीं था कि जमींदारों और किराएदार के बीच संबंध अच्छे नहीं थे।

बाबू राम कानूनगो के खिलाफ जमींदारों की शिकायत की जांच का  कार्य  श्री अंबा प्रसाद, नायब तहसीलदार, सिकंदराबाद को सौंपा गया था। उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि बाबू राम जमींदारों के खिलाफ रियाया  के साथ मिलीभगत कर रहे थे और सुझाव दिया कि उनका स्थानांतरण किया जाना चाहिए और कलेक्टर ने उन्हें स्थानांतरित कर दिया।

जब बाबू राम ने खसरा के टिप्पणी कॉलम में बीरबल और बूटी और अन्य रियायाओं के नाम दर्ज करने का आदेश दिया था, तब बीरबल और बूटी और 29 अन्य व्यक्तियों ने अपने जमींदारों के खिलाफ घोषणात्मक मुकदमे दायर किये । सभी 30 मुकदमों  में एक समान आधार लिया गया कि वादी 50 वर्षों से अपने भूखंडों पर खेती कर रहे हैं। उन सभी 30 वादों को 27.3.1947 को वर्तमान घटना के बाद खारिज कर दिया गया था। इन सभी वादों में अपील आयुक्त के समक्ष लंबित है। माननीय न्यायाधीश ने कहा कि उन्हें यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि बीरबल और बूटी कभी भी भूखंड संख्या 227 और 228 के कब्जे में नहीं थे और यह कि श्री चवल सिंह, जमींदार उन भूखंडों पर काबिज थे।  गेहूं और सरसों की फसलें भी श्री चवल  सिंह  द्वारा उगाई गईं थी न कि  बूटी और बीरबल द्वारा।

अभियोजन पक्ष की ओर से कहा जाता है कि 26 मार्च 1947 को भी  कुछ सरसों  काटी गई थी। हालांकि, हरसुख  PW  स्वीकार करते हैं कि उन्होंने 26 मार्च को फसल काटते हुए नहीं देखा क्योंकि उस दिन वह बुलंदशहर में थे। 26 मार्च को बुलंदशहर या आमका में किसी ने उन्हें खबर नहीं दी कि फसल कट गई है. 27 मार्च 1947 की सुबह उन्हें इस बात का पता चला। 26 मार्च को जमींदारों द्वारा कोई फसल काटी गई होती तो निश्चित रूप से हरसुख को 26 मार्च 1947 की शाम को इसकी सूचना मिल  गई होती जब वह बुलंदशहर से आमका  लौटे। हरसुख का कहना है कि ज़हरीन ने उन्हें बताया था कि 26 को सरसों काटी गयी थी।  लेकिन ज़हरीन मर चुका है। हरसुख ने ज़हरीन से यह नहीं पूछा कि वह किसकी उपस्थिति में काटी गयी । वह अब तक नहीं जानता कि किसकी उपस्थिति में सरसों  काटी  गई । यह एक स्वीकृत तथ्य है कि 26 मार्च को चंद मुकदमों के वादी बुलंदशहर आए थे और अन्य वादी आमका में ही थे. अगर 26 मार्च 1947 को फसल काटी गयी होती तो उसी दिन मारपीट हो जाती।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, जमींदार आरोपी प्लॉट नंबर 227 और 228 से जीवान, सुनहरी और श्यामा के द्वारा सरसों की फसल कटवा रहे थे। । जब बीरबल और बूटी की पार्टी ने विरोध किया, तो जमींदारों ने उन पर बंदूकें और पिस्तौल तान दी और उन्हें भाले और लाठियों से घायल कर दिया। वहीं दूसरी ओर आरोपितों का मामला यह है कि बूटी, बीरबल और उनकी पार्टी के अन्य लोग सरसों काट रहे थे और जब उन्हें श्री इंद्रजीत सिंह और श्री इंद्रपाल सिंह ने सरसों न काटने के लिए कहा तो उन्होंने इन दोनों लोगों की पिटाई कर दी। बाद में जब श्री रघुबीर सिंह, श्री देवेंद्र सिंह श्री राजेंद्र सिंह, श्री अमर सिंह और सूबेदार बानी सिंह वहां पहुंचे और उन्होंने बीरबल और बूटी को रोकने के लिए कहा। परन्तु बीरबल और बबूटी की पार्टी ने उन पर हमला कर दिया। इसका बाद आरोपियों ने आत्मरक्षा में अपने आग्नेयास्त्रों और लाठियों का इस्तेमाल किया। अब देखना यह है कि इन दोनों पार्टियों का कौन सा वर्जन सही है.

छज्जन, चौकीदार ने घटना के तुरंत बाद उसी दिन सुबह 10 बजे प्राथमिकी दर्ज करायी। प्राथमिकी के अनुसार रियाया सुबह आठ या नौ बजे जबरन सरसों काटने के लिए जमींदारों के खेत में गई थी। सर्वश्री इंद्रजीत सिंह, इंद्रपाल सिंह, रघुबीर सिंह, अमर सिंह, देवेंद्र सिंह, उदय प्रताप सिंह और सूबेदार बनी सिंह ने उन्हें ऐसा न करने के लिए कहा लेकिन व्यर्थ। चौकीदार ने प्राथमिकी में काश्तकार पक्ष के लगभग 14 या 15 लोगों का नाम लिया और कहा कि वादी ने जमींदारों पर हमला किया, जिसके बाद जमींदारों ने अपने आग्नेयास्त्रों का इस्तेमाल किया। जिसके परिणामस्वरूप उनमें से कुछ मारे गए और कुछ घायल हो गए। अभियोजन पक्ष ने कहा कि चौकीदार छज्जन घटना का प्रत्यक्षदर्शी नहीं था और वह जमींदारों का पक्ष ले रहा है। छज्जन उसी मोहल्ले में रहता है जिसमें अभियोजन पक्ष के अन्य सभी गवाह रहते हैं। छज्जन का कहना है कि प्लॉट नंबर 227 और 228 के उत्तर पूर्व में एक कुएं पर खड़े होकर उन्होंने घटना को देखा। हरसुख ने पुलिस के सामने इस तथ्य को नहीं बताया। इस तथ्य को उन्होंने अपने मृत्युकालीन वक्तव्य में भी नहीं बताया था। यह मामला माननीय न्यायाधीश के पूर्ववर्ती के सामने भी आया था। हरसुख का बयान उनके सामने भी दर्ज हुआ। उस समय , उन्होंने यह नहीं कहा कि छज्जन किरायेदारों के खिलाफ थे और वहां मौजूद नहीं थे। हरसुख ने स्वीकार किया कि उसने छज्जन, छिद्दा , इतवारी और ग्यासा PW के साथ लदैती से खेती के लिए कुछ जमीन ली थी। अगर ऐसा है तो यह नहीं कहा जा सकता कि छज्जन जमींदारों का साथ दे रहा था। नरोत्तम के पुत्र चेतू और छिद्दा ने भी न तो पुलिस के सामने और न ही कमिटिंग मजिस्ट्रेट के सामने यह बताया कि छज्जन वहां नहीं था या वह शत्रुतापूर्ण हो गया था। सच तो यह है कि छज्जन ने नाम लिया था सर्वश्री इंद्रजीत सिंह, इंद्रपाल सिंह, रघुबीर सिंह, अमर सिंह, देवेंद्र सिंह, उदय प्रताप सिंह, सूबेदार बानी सिंह और बोंटा जो बताते हैं कि उन्हें जमींदारों से सहानुभूति नहीं थी और उन्होंने वहां जो कुछ भी देखा था, वही कहा।

छज्जन, चौकीदार ने कहा कि दोनों तरफ से बहुत गर्मजोशी से लड़ाई चल रही थी और किसी भी जमींदार के पास भाले नहीं थे। श्री रघुबीर सिंह और श्री अमर सिंह के पास बंदूकें थीं और शेष जमींदारों के पास लाठियां थीं। घायलों में से किसी को भी कोई पंचर या कटा हुआ घाव नहीं मिला है। छज्जन समझ नहीं पा रहा था कि कौन गिरा और किसने किसको पीटा। उन्हें यह भी नहीं पता कि किस पार्टी ने पहले हमला कर लड़ाई शुरू की। माननीय न्यायाधीश के अनुसार, ऐसा लगता है कि छज्जन कुएं पर मौजूद थे और उन्होंने दूर से ही घटना को देखा।

पुलिस के सामने चेतू PW ने बताया कि वह अपने अन्य साथियों के साथ बूटी के खेत में सरसों काट रहा था उसी समय सूबेदार बनी सिंह, सर्वश्री अमर सिंह, देवेंद्र सिंह, चवल सिंह, राजेंद्र सिंह, उदय प्रताप सिंह हथियार लेकर आए। उनके पास पिस्तौल और बंदूकें थी । श्री इंद्रजीत सिंह भाले से और श्री इंद्रपाल सिंह लाठी से लैस थे । उन्होंने हमें सरसों नहीं काटने के लिए कहा लेकिन हमने उनके अनुरोध का पालन नहीं किया। आमका में रहने वाले उसके साथियों ने ठाकुरों पर हमला कर दिया। हरसुख और चेतू अब इस बात से इनकार करते हैं कि उन्होंने दरोगा के सामने ये बयान दिए थे। अब उनका कहना है कि दरोगा की आरोपी से मिलीभगत है. चेतू का कहना है कि जब दरोगा ने उसका बयान दर्ज किया, तो उसने उसे कमिटिंग मजिस्ट्रेट के सामने पढ़ा, और फिर उसने अपनी बुद्धि से अनुमान लगाया कि दरोगा की मिलीभगत थी।

इसके अतिरिक्त, उसके पास कोई और वजह नहीं थी यह मानने के लिए कि दरोगा ज़मीदारों से मिला हुआ है. । कमिटिंग मजिस्ट्रेट के सामने भी उन्होंने यह बताया कि दरोगा ने जमींदारों के साथ मिलीभगत की थी। उसे पता नहीं है कि मजिस्ट्रेट ने इस तथ्य को नोट किया था या नहीं।

कमिटिंग मजिस्ट्रेट के सामने दिया गया पूरा बयान चेतू को पढ़ा गया। यह सुनने के बाद उनका कहना है कि पुलिस के सामने दिए गए इस बयान के बारे में उनसे वहां पूछताछ नहीं की गई और इसलिए उन्होंने वहां इसका खंडन नहीं किया। पुलिस के सामने दिया गया उसका बयान उसे पढ़ा नहीं गया और उसने मजिस्ट्रेट को यह नहीं बताया कि दरोगा जमींदारों के साथ मिलीभगत कर रहा था और उसने अपना बयान गलत लिखा था। उन्होंने किसी अधिकारी से यह शिकायत भी नहीं की कि दरोगा ने उनका बयान गलत लिखा है। माननीय न्यायाधीश द्वारा जांच किए जाने से पहले चैतू ने इस तथ्य का किसी से भी उल्लेख नहीं किया।

नरोत्तम PW के पुत्र चिड्डा का भी कहना है कि दरोगा ने गलत बयान दर्ज किया और जमींदारों से उसकी मिलीभगत थी। उन्होंने आगे कहा कि मजिस्ट्रेट द्वारा उनसे पूछताछ के बाद वह फिर से बुलंदशहर आए और मजिस्ट्रेट ने रामबल का बयान उन्होने पढ़ा। रामबल ने उसे बताया कि कि दरोगा ने उन सभी का गलत बयान लिखा था। छिद्दा ने रामबल से पूछा कि उनके बयान का कौन सा हिस्सा गलत है तो रामबल ने जवाब दिया कि अगर उनका बयान गलत है तो छिद्दा का बयान भी गलत होगा। उसके बाद, छिद्दा ने यह नहीं पूछा कि दरोगा ने कौन सा गलत बयान दर्ज किया था। रामबल के मुताबिक दरोगा ने एक ही गलती की, वह यह थी कि उन्होंने उनके द्वारा दिए गए कुछ आरोपियों के नाम नहीं लिखे। इससे स्पष्ट है कि इस गवाह के पास यह कहने का कोई आधार नहीं है कि दरोगा आरोपी के साथ मिलीभगत है।

नत्थू PW ने भी कहा कि दरोगा ने गलत बयान लिखा था। लेकिन, उन्होंने माना कि आज से पहले उन्होंने दरोगा के खिलाफ यह शिकायत किसी और से नहीं की थी. उसने रामबल का बयान सुना था जिसने उसे बताया था कि दारोगा ने जो कुछ भी उसके सामने कहा था उसे दर्ज नहीं किया था। क्योंकि रामबल का बयान ठीक से नहीं लिखा गया था, इसलिए उसने सोचा कि उसका बयान भी दारोगा द्वारा सही नहीं किया गया होगा।

इस मामले की जांच करने वाले थानाध्यक्ष श्री मो. सईद ने कहा कि गवाहों के बयान में उन्होंने वही लिखा जो गवाहों ने उनके सामने कहा और कुछ नहीं। उन्होंने कहा कि यह कहना गलत है कि उन्होंने वह नहीं लिखा जो गवाहों ने उनके सामने कहा था। उन्होंने ऐसा कुछ भी नहीं लिखा जो उनके द्वारा नहीं कहा गया था। श्री महिपाल सिंह, द्वितीय अधिकारी के साथ-साथ अंचल निरीक्षक भी मौके पर साथ गए थे। उसी दिन पुलिस अधीक्षक और एसडीएम भी मौके पर पहुंचे। श्री मोहम्मद सईद ने घायल लोगों से बात की थी। इन परिस्थितियों में, माननीय न्यायाधीश यह मानने को तैयार नहीं कि श्री सैयद ने उन बयानों के साथ कोई छेड़खानी की होगी।

इससे पता चलता है कि काश्तकार सरसों काटने गए थे और जमींदार सरसों नहीं काट रहे थे। 26 मार्च 1947 को, बीरबल और बूटी और अन्य लोगों के विद्वान वकील ने उनसे कहा था कि अगर वे इसे बोते तो वे सरसों काट सकते थे। अगली सुबह सरसों काट दी गयी । इसलिए काश्तकारों की पार्टी ही सरसों काट रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर से बताया जाता है कि जीवन, सुनहरी और श्यामा सरसों काट रहे थे. जहां तक जीवन का संबंध है, अभियोजन पक्ष के अधिकांश गवाहों का कहना है कि उसके पास भाला था और उसने किराएदार की पार्टी के लोगों को अपने भाले से चोट पहुंचाई। लेकिन पीएमई (पोस्टमार्टम परीक्षा) की रिपोर्ट और चोट की रिपोर्ट से पता चलता है कि 8 मृत और 11 घायलों में से एक भी व्यक्ति को पंचर घावों या कोई चीरा नहीं लगा था। इसलिए, यह बहुत कम संभावना है कि जीवन सरसों काट रहा था।

अगला प्रश्न यह है कि कितने व्यक्ति किरायदार पार्टी में थे और कितने जमींदार की पार्टी में । किरायेदार की पार्टी में से आठ मारे गए और ग्यारह घायल हो गए। इसलिए यह पार्टी कम से कम 19 लोगों की थी । हरसुख का कहना है कि नौ व्यवक्ति जिनके नाम राजपाल, मंगल, खीमा, भवानी, हरदास, नरोत्तम, निधि, श्रीपाल और काले भी थे। इसका मतलब है कि किरायेदार की पार्टी में कम से कम 28 व्यक्ति थे। श्री सैयद खुर्शीद हुसैन, तहसीलदार को हरसुख द्वारा दर्ज अपने मृत्युकालीन बयान में 24 व्यक्तियों के नाम दिए गए हैं, जिनके बारे में उनका कहना है कि वे सरसों काटने एक साथ गए थे। माननीय न्यायाधीश के समक्ष अभियोजन पक्ष के गवाहों ने यह दिखाने का प्रयास किया कि सभी व्यक्ति एक साथ वहां नहीं गए। उन्होंने कहा कि कुछ गवाह उनके घर से मारपीट की जगह पहुंचे, कुछ खेतों से और कुछ रास्ते से। फिर भी, उन सभी ने शुरुआती बातचीत सुनी, जो दोनों पार्टियों के नेताओं के बीच हुई। इससे पता चलता है कि वे सभी एक साथ गए थे और एक-एक करके वहां नहीं पहुंचे। अभियोजन पक्ष की ओर से यह दिखाने का प्रयास किया गया कि वे एक साथ एकत्र नहीं हुए थे।

हरसुख का कहना है कि जब उन्होंने तहसीलदार के सामने बयान दिया तो वह बेहोश हो गए थे. माननीय न्यायाधीश को इस आर विश्वास नहीं हुआ कि हरसुख बेहोश थे। इसका कारण है कि उनके बयान के बारे मे डॉ. दुबे का प्रमाण पत्र है कि उस समय हरसुख अपने उचित होश में थे। इससे पता चलता है कि किरायेदार के पक्ष में व्यक्तियों की संख्या 28 से कम नहीं थी।

अब सवाल यह है कि आरोपी के पक्ष में कितने लोग थे। हरसुख का कहना है कि वर्तमान आरोपी के अलावा 10 या 12 अन्य लोग थे। लेकिन वह उनमें से किसी का नाम नहीं ले सकता। होरम का कहना है कि जमींदारों के पक्ष में 30 या 35 व्यक्ति थे। छिद्दा भी वही नंबर देता है। चेतू का कहना है कि 16 या 17

अन्य व्यक्ति उससे 2 या 3 कदम की दूरी पर खड़े थे लेकिन वह उनमें से किसी को भी नहीं पहचानता और यह नहीं जानता कि वे उसके गांव के हैं या नहीं। ग्यासा उनका नंबर 15 या 16 देता है लेकिन उसने भी उनमें से किसी को नहीं पहचाना। जगराम का कहना है कि जमींदार की पार्टी की कुल संख्या 30 से 35 थी। वह केवल पहले नौ आरोपियों को ही पहचान सकता था।

अभियोजन पक्ष के कुछ गवाहों ने कहा कि वे बंदूकों की गोलीबारी से उठे घने धुएं के कारण इन व्यक्तियों को पहचान नहीं पाए। लेकिन मारपीट शुरू होने से पहले उन्होंने इन व्यक्तियों को देखा था और पहचाना होगा। वैज्ञानिक अनुभाग के प्रभारी अधीक्षक द्वारा खाली कारतूसों की जांच की गई और उनका कहना है कि ये कारतूस धुआं रहित थे। फिर भी अभियोजन पक्ष का कोई भी गवाह जमींदार पक्ष के एक भी व्यक्ति को नहीं पहचान सका। माननीय न्यायाधीश ने निर्णय में लिखा है कि वह यह मानने के लिए तैयार नहीं है कि पहले आठ अभियुक्तों के अलावा ज़मींदारों की ओर से कोई और था।

अगला सवाल उन हथियारों के बारे में था जो आरोपियों के पास थे । हरसुख का कहना है कि वह भालों से लैस लोगों को पहचान नहीं पाए। जिरह में उनका कहना है कि श्री इंद्रपाल सिंह और दो अन्य लोगों के पास भाले थे। उन्होंने आगे कहा कि सम्मन और ग्यासा के पुत्र छिद्दा को भाले के घाव मिले हैं। हालांकि, उनकी चोट की रिपोर्ट से पता चलता है कि उनमें से किसी को भी कोई पंचर या कटा हुआ घाव नहीं मिला है।अभियोजन पक्ष का कोई भी गवाह यह नहीं कहता कि श्री इंद्रजीत सिंह, श्री रघुबीर सिंह और श्री जीवन के पास भाले थे और उन्होंने इसका इस्तेमाल किया।

ग्यासा का कहना है कि जीवन ने उसे अपने भाले से तीन बार मारा। जगराम का यह भी कहना है कि जीवन ने ग्यासा को भाला मारा अन्य गवाहों ने भी कहा कि जीवन के पास भाला था और उसका इस्तेमाल किया। हालांकि, पीएमई और चोट की रिपोर्ट से पता चलता है कि किरायेदारों की ओर से एक भी व्यक्ति को चीरा या भाला घाव नहीं मिला है। इसलिए, अभियोजन पक्ष के मामले का यह हिस्सा कि आरोपी व्यक्तियों में से कोई एक भाले से लैस था गलत है और एक पल के लिए भी विश्वास नहीं किया जा सकता।

हरसुख कहता हैं कि श्री रघुबीर सिंह के पास लाठी थी। लेकिन पुलिस के सामने उसने कहा कि श्री रघुबीर सिंह के पास बंदूक है। छिद्दा को याद नहीं कौन सा अस्त्र श्री रघुबीर सिंह के पास था। अन्य गवाहों का कहना था कि श्री रघुबीर सिंह के पास भाला था। माननीय न्यायाधीश ने अपने फैसले में लिखा है कि उन्होंने इस बिंदु पर पहले ही उल्लेख किया है कि किसी भी आरोपी के पास भाला नहीं था और इस बिंदु पर अभियोजन पक्ष के गवाहों पर विश्वास नहीं किया जा सकता । श्री रघुबीर सिंह स्वयं स्वीकार किया है कि उनके पास एक बंदूक थी और उन्होंने इसका इस्तेमाल किया। माननीय न्यायाधीश आगे लिखते हैं कि उन्हें इसमें कोई संदेह नहीं है कि श्री रघुबीर सिंह बंदूक से लैस थे, भाले से नहीं। इससे पता चलता है कि श्री सईद द्वारा दर्ज सभी बयान गलत नहीं हैं।

अब माननीय न्यायाधीश मुख्य घटना पर विचार करते हैं। हरसुख का कहना है कि बीरबल और बूटी ने घटना के दिन उन लोगों से कहा जो सरसों काट रहे थे कि उनके बीच मुकदमा चल रहा है और उन्होंने (बूटी और बीरबल) ने एक कमीशन जारी करने के लिए प्रार्थना की है। लेकिन दूसरा पक्ष कमीशन जारी

करने में बाधा डाल रहा है । अगर अदालत ने जमींदरो फसल दी तो उनको फसल मिल जाएगी। सूबेदार बनी सिंह और श्री रघुबीर सिंह ने कहा कि उन्हें आयोग के बारे में कुछ भी पता नहीं है और वे आयोग के प्रश्न को वहीं सुलझा लेंगे। तब बूटी और बीरबल ने कहा कि हालांकि जमींदरो ने फसल काट ली है, वे इसे उठा लेंगे क्योंकि फसल पर उनका कब्जा है। जब बूटी और बीरबल फसल लेने के लिए झुके, तो आरोपी और उनके साथियों ने अचानक बूटी और बीरबल पर बंदूक, पिस्तौल, लाठी और भाले से हमला कर दिया। आरोपियों ने मुख्तार, दलीप, राम दयाल, ज़हरिया, परशादी, छिद्दा पुत्र सम्मान, छिद्दा पुत्र नरोत्तम, होरम, इतवारी, जगराम, नत्थू, ग्यासा, भोदनदी , श्रीमती लाडो और हरसुख पर भी हमला किया। आठ लोगों की मौत हो गई और ग्यारह घायल हो गए। अभियोजन पक्ष का हर गवाह इस कहानी को दोहराता है। जज पहले ही कह चुके हैं कि यह बूटी और बीरबल की पार्टी थी, जो सरसों काट रही थी। यह उनकी एक सम्मिलित कार्रवाई थी। इसके अलावा अगर बूटी और बीरबल की पार्टी सरसों काटने जाती तो उस वक्त आरोपी मैदान पर मौजूद नहीं हो सकते थे। श्री सैयद, एसओ का कहना है कि पूरे प्लॉट संख्या 227 और 228 के सरसों काट दिए गए थे । अगर जमींदार उस समय मौके पर मौजूद होते तो बीरबल, बूटी और उनके आदमियों के सरसों काटने का प्रयास करते ही ज़मींदारो ने उसी समय फायरिंग का सहारा लिया होता। अभियोजन पक्ष के मामले के इस हिस्से में कि लड़ाई कैसे शुरू हुई, इस पर विश्वास नहीं किया जा सकता है।

साइट प्लान के अनुसार, दोनों प्लॉट संख्या 227 और 228 का एक ही क्षेत्र बना है। इस खेत के पूर्व, दक्षिण और पश्चिम में श्री चवल सिंह के भूखंड है और उनके उत्तर में मार्ग है। हरसुख के अनुसार विवादित भूखंड के दक्षिण में मार्पिट हुई । साथ ही अभियोजन पक्ष के गवाहों के अनुसार, जैसे ही बूटी और बीरबल ने फसल लेने के लिए आगे बढ़े, आरोपियों ने फायरिंग का सहारा लिया। इसलिए होना यह चाहिए कि इस सरसों के खेत में ही लाशें पड़ी मिली होंगी। लेकिन ऐसा नहीं है. श्री सैयद एवं श्री महिपाल सिंह का कहना है कि श्री चवल सिंह के एक अन्य भूखंड में जो विवादित भूखंड के दक्षिण-पूर्व में है, शव एवं घायल व्यक्ति पड़े मिले । इस खेत में उस समय गन्ने के ठूंठ खड़े थे। अभियोजन पक्ष के कुछ चश्मदीदों ने कहा कि जब आरोपियों ने गोली चलाई तो बीरबल और बूटी पार्टी के लोगों ने हाथ जोड़कर आरोपियों से मारपीट न करने की गुहार लगाई और बीरबल की पार्टी का आदमी हर समय पीछे हटते गए । यही कारण है कि वे गन्ने के खेत में नहीं बल्कि विवादित क्षेत्र में गिरे।

मैं (जज) इस पर विश्वास करने को तैयार नहीं हूं।हरसुख का कहना है कि 27 मार्च 1947 को सिर्फ सरसों काटी गई थी और अगर काश्तकार दल ने सरसों की फसल काट ली होती तो उसमें एक-दो मजदूर ही लगते। लकिन वहां कम से कम 24 लोग सरसों काटने क्यों गए? बूटी और बीरबल को छोड़कर जो लोग सरसों काटने गए थे, उनमें से किसी को भी इस सरसों से कोई सरोकार नहीं था। यह एक स्वीकृत तथ्य है कि इन व्यक्तियों में से कोई भी फायरिंग का सहारा लेने के बाद भी भागा नहीं था और आठ लोगों के मारे जाने और ग्यारह घायल होने के बाद ही वे वहां से गए । इसमें कोई संदेह नहीं है कि बूटी और बीरबल के साथियों का इरादा आपराधिक बल के इस्तेमाल से सरसों को काटने और हटाने का था।

हरसुख का कहना है कि जिन लोगों को गोलियां लगीं वे वहीं गिर पड़े। उसने जमींदारों के सामने हाथ जोड़ना जारी रखा। करीब छह मिनट तक गोलियां चलती रहीं और गोलियां चलने के बाद भी हरसुख हाथ जोड़ रहा था. वह वहां से भागा नहीं। इस दौरान वह चौधरी साहब से हाथ जोड़कर विनती कर रहे था कि उन्हें और उनकी पार्टी के लोगों को न पीटें। उसने अपनी पार्टी के किसी आदमी को वहाँ से भागते नहीं देखा। निष्कर्ष सिर्फ इतना है कि उसके पक्ष के 25 से 30 लोग इसलिए नहीं भागे क्योंकि वे आरोपी से लड़ रहे थे और फसल छीन लेना चाहते थे. किरायदार मानते हैं कि अगर उनकी पार्टी ने अनुमति दी होती, तो जमींदारों को फसल लेने के लिए कोई मारपीट नहीं होती क्योंकि वे और कुछ नहीं चाहते थे।

होरम PW ने इस घटना का लगभग उसी तरह वर्णन किया जिस तरह से हरसुख ने इसका वर्णन किया था। उसने कहा कि उसका जमींदारों से कोई झगड़ा नहीं था और उसे बीरबल के खेत से कोई सरोकार नहीं था। फिर हैरानी होती है कि वह बीरबल के साथ सरसों निकालने क्यों गए। उनका कहना है कि जब उन्होंने मैदान में पहुंचकर बात सुनी तो पता चला कि लड़ाई होने वाली है. समय बहुत कम होने के कारण वह वहाँ से भागा नहीं सका । वह पीछे भी नहीं हटा क्योंकि उसने हाथ जोड़कर उनसे लड़ाई न करने को कहा। हालांकि, ठाकुरों ने उनकी मिन्नतों का कोई जवाब नहीं दिया। श्री इंद्रपाल सिंह ने उसे लाठी से मारा और वह नीचे गिर गया और बेहोश हो गया। मजिस्ट्रेट के सामने उसने कहा था कि उसे वो सब बातें याद हैं जो उसने घटना के तीन महीने बाद उनके सामने कही थीं। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने उस दिन पहली बार उनके सामने जो कुछ भी बयान दिया था वह उन्होंने किसी को नहीं बताया । उसने पुलिस के सामने कहा कि बूटी अपने खेत में उन लोगों को लेकर गए जो मारे गए या घायल हुए थे। वह सरसों को इकट्ठा करने के लिए ले गए थे। ठाकुर जमींदार वहाँ पहुँचे और काश्तकारों से ऐसा न करने को कहा। जब किराएदारों ने उनकी बात नहीं मानी तो सूबेदार बनी सिंह श्री अमर सिंह और श्री रघुबीर सिंह ने उनसे कहा कि वे उन्हें गोली मार देंगे। तब बूटी, बीरबल, मुख्तार ने उन पर लाठियों से हमला किया और श्री इंद्रपाल ने उन पर लाठियां बरसाईं और वह गिर पड़े और बेहोश हो गए और उसके बाद वह नहीं जानते की क्या हुआ।

दलीप होरम का सगा भाई है। उसे नहीं पता कि उसने जमींदारों के खिलाफ कोई मुकदमा दायर किया है या नहीं। लकिन exhibit नंबर 26 से पता चलता है कि दलीप और होरम ने जमींदारों के खिलाफ मुकदमा दायर किया था। उसने अपनी आँखों से यह भी देखा कि भाले का प्रयोग किया जा रहा था। उसने यह नहीं देखा कि कौन किसके भाले से घायल हुआ है। बाद में, उसे पता चला कि छिद्दा पुत्र सम्मन को भाले के घाव मिले हैं। हालाँकि, उसके चोट की रिपोर्ट यह नहीं दिखाती है कि उसे भाले का कोई घाव मिला है। फिर वह कहता है कि जैसे ही वह खेतों में पहुंचा, उसे लाठी का झटका लगा, गिर पड़ा और बेहोश हो गया। यदि ऐसा है, तो वह घटना को बिल्कुल नहीं देख सकता था। फिर वह कहता है कि तीन-चार दिन बाद उसे होश आया। लेकिन दरोगा ने 27 मार्च 1947 को अपना बयान दर्ज किया। श्री सैयद कहते हैं कि जिन लोगों का बयान उन्होंने 27 मार्च को दर्ज किया, वे अपने होश में थे। केवल तीन व्यक्ति ऐसे थे जिनका बयान वो दर्ज नहीं कर् सके। होराम उनमे नहीं है

छिद्दा पुत्र सम्मान ने भी जमींदारों के खिलाफ मुकदमा दायर किया था। उनका भी यह कहना है कि भाले का इस्तेमाल ज़मींदारो ने किया । जीवन ने उसे भाले से तीन वार किये । वह नहीं जानता कि और किसने दूसरों को भाले का घाव दिया। लेकिन जैसा कि न्यायाधीश ने देखा आठ मारे गए और ग्यारह घायलों में से किसी के शरीर पर भले की चोट नहीं थी और न ही कोई पंचर घाव मिला। इसलिए इस कथन पर विश्वास नहीं किया जा सकता। छिदा ने आगे कहा कि उन्होंने और आमका के अन्य किरायेदारों ने गुजरपुर में जमीन ली थी क्योंकि उनके पास आमका में जमीन नहीं थी। तहसीलदार ने उसका मृत्युकालिक बयान भी दर्ज किया। इसमें उनका कहना है कि श्री चवल सिंह ने उन्हें भाले के तीन वार दिए। अन्य प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि श्री चवल सिंह उस दिन गांव में मौजूद नहीं थे।

चेतू एक अन्य साक्षी है। उनका कहना है कि श्री चवल सिंह मौजूद थे। फिर वह कहता है कि यह पहली बार था जब मजिस्ट्रेट के सामने उसकी जांच की गई कि उसे पता चला कि उसके भाई ने जमींदारों के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। वह और उसका भाई एक साथ रहते थे और संयुक्त रूप से जमीन पर खेती करते थे और फिर भी उनके भाई ने उन्हें यह नहीं बताया कि उन्होंने राजस्व मुकदमा दायर किया है। उन्होंने भाले का इस्तेमाल करते हुए भी देखा। तीन आरोपियों ने भाले का इस्तेमाल किया लेकिन वह नहीं जानते कि उन्होंने दस बार भाले का इस्तेमाल किया या सौ बार। उनका कहना है कि छिद्दा भाले से घायल हो गया था। माननीय न्यायाधीश ने पहले ही कहा है कि यह तथ्य नहीं है। उसके किसी भी साथी ने उसे यह नहीं बताया कि उसे भाले का कोई घाव है। वह मारपीट के दृश्य से भागा नहीं था, हालांकि वह उस जगह से 2 या 3 कदम की दूरी पर था जहां फायरिंग हो रही थी।

चेतू ने पुलिस के सामने बताया कि घटना की सुबह वह अन्य साथियों के साथ बूटी के खेत में सरसों काट रहा था. उसी समय आठों आरोपी वहां गए और बीरबल और उसके साथियों को सरसों न काटने को कहा। लेकिन उन्होंने इस अनुरोध का पालन नहीं किया और बीरबल और उसके साथियों ने ठाकुरों पर हमला किया। उन्होंने किसी भी आरोपी को पिटते हुआ नहीं देखा, हालांकि उनमें से कई को चोटें आई हैं।

